# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 26 मई 2024, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा बिहार के काराकाट और सासाराम में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**अगर कम्युनिस्ट पार्टी (माले) जीती तो नक्सलवाद बढ़ेगा**

****************

**मोदी जी के रहते कोई दलित, आदिवासी और पिछड़ों के आरक्षण को हाथ नहीं लगा सकता**

****************

**लालू जी फिर से 'तेल पिलावन-लठिया घुमावन' की राजनीति लाना चाहते हैं और मोदी जी विकास की राजनीति लाना चाहते हैं**

****************

**सालों से भ्रष्टाचार में लिप्त लालू जी विकास की भाषा ही भूल चुके हैं**

****************

**इंडी गठबंधन वालों ने कई राज्यों में SC, ST, OBC का आरक्षण कम करके मुसलमानों को आरक्षण दिया**

****************

**लालू जी, राहुल बाबा की 4 पीढ़ियों ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया**

****************

**बीते 10 साल में गरीब कल्याण का काम मोदी जी ने किया**

****************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रविवार को बिहार के काराकाट और सासाराम में जनसभाओं के संबोधन में इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव के भ्रष्टाचारी शासनकाल की जमकर आलोचना करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, काराकाट से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोकमोर्चा पार्टी के प्रत्याशी श्री उपेंद्र कुशवाहा, औरंगाबाद से भाजपा प्रत्याशी श्री सुशील कुमार सिंह एवं सासाराम से लोकसभा प्रत्याशी श्री शिवेश राम सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **अभी तक लोकसभा चुनाव के कुल 6 चरण के मतदान पूरे हो चुके हैं जिसमें से 5 चरणों के मतदान में ही आदरणीय मोदी जी 310 सीटें जीतकर सरकार बना रहें हैं और 6वां व 7वां चरण 400 पार कराने का है। इस चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार किया हुआ इंडी अलायंस है और वहीं दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर रहने के बाद भी जिसपर एक पैसा का भी आरोप नहीं है, ऐसे आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। एक ओर चांदी की चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल गांधी है वहीं दूसरी ओर एक अति पिछड़े समाज के चाय बेचने वाले के घर पर पैदा हुए श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। एक ओर गर्मी बढ़ते ही विदेश जाने वाली राहुल गांधी है और दूसरी ओर 23 साल से दीपावली के दिन भी छुट्टी लिए बिना सरहद पर जवानों के साथ दिवाली मनाने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि एक समय में यह क्षेत्र नक्सलवाद से त्रस्त क्षेत्र था और ओबरा प्रखंड में नक्सलवाद की बहुत बड़ी घटनाएं भी हुई हैं, लेकिन आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी झारखंड, बिहार, ओडिशा, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, और महाराष्ट्र से नक्सलवाद को समाप्त करने का काम किया है। **अगर आपका वोट जरा भी इधर-उधर गए तो माले आएगा और फिर से नक्सलवाद को बढ़ाने का काम करेगा इसलिए अगर आपको माले को रोकना है तो आपके पास एक ही विकल्प है उपेन्द्र कुशवाहा और**

**श्री नरेन्द्र मोदी।** श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी कहती है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है इसलिए उनसे पाक अधिकृत कश्मीर न मांगो, लेकिन मैं आज काराकाट की भूमि से राहुल गांधी से यह कहना चाहता हूं कि हम श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकर्ता हैं और किसी परमाणु बम से नहीं डरते हैं। पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस ने 70 सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के 5 वर्षों के भीतर फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हो गया और आज भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। लालू प्रसाद यादव 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे, 10 वर्षों तक केंद्रीय मंत्री रहे और राहुल गांधी की 4 पीढ़ियों ने देश पर शासन किया लेकिन इन लोगों ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया**, लेकिन एक गरीब और अति पिछड़े घर का बेटा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीबों की चिंता की। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो अनाज निःशुल्क मुहैया करवाया, 12 करोड़ घरों में शौचलाय बनवाए, 4 करोड़ लोगों को पक्का घर दिया, 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिया, 14 करोड़ लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाया और आयुष्मान योजना के तहत 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज देने का काम किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कोरोना महामारी के दौरान सभी देशवासियों को मुफ्त में कोरोना की वैक्सीन लगवाकर कोरोना महामारी से उनकी सुरक्षा करने का काम किया है। आदरणीय मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है भारत को विश्व का तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **लालू यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए ऐसी पार्टी की शरण में गए हैं जो पिछड़ा विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज का विरोध किया है। कांग्रेस ने काका साहेब कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को छुपाकर पिछड़ा समाज के आरक्षण को लागू नहीं होने दिया, मंण्डल कमीशन को भी लागू नहीं होने दिया और जब मंण्डल कमीशन की रिपोर्ट स्वीकार की गई तब राजीव गांधी ने इसका भी डटकर विरोध किया था, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़े समाज के लिए आयोग बनाकर पिछड़े समाज को संवैधानिक सम्मान देने का काम किया है।** कांग्रेस हमेशा अपने चुनावी भाषणों में दलित समाज के उत्थान की बात करती है लेकिन **कांग्रेस के शासन में दलित समाज के कल्याण के लिए बजट सिर्फ 41 हजार करोड़ रूपए था जिसे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बढ़ाकर 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए कर दिया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया, 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया और मऊ, लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई में जहां-जहां बाबा साहब रहे हैं, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का काम किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **इंडी गठबंधन के पास प्रधानमंत्री पद के लिए कोई भी उम्मीदवार नहीं है। इंडी गठबंधन के नेता से एक पत्रकार ने पूछा आपके प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है, तो उन्होंने कहा कि हर साल बारी-बारी सभी प्रधानमंत्री बन जाएंगे।** पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब, कोरोना महामारी से बचाव, आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया, 60 करोड़ से ज्यादा गरीबों का भला, चन्द्रमा पर तिरंगा फहराना और स्टार्टअप में बढ़ोतरी – ऐसे कार्य केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते है। पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण पूरे देश में सिर्फ यही मोदी- मोदी के नारे लग रहे हैं। ये मोदी-मोदी का जो नारा है, यह महान भारत बनाने का नारा है और बिहार को विकसित बिहार बनाने का नारा है। **यूपीए की सरकार में 10 सालों तक लालू जी की सरकार चलने के बावजूद बिहार को सिर्फ 2 लाख 80 हजार करोड़ दिया और इसके मुकाबले श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 14 लाख 23 हजार करोड़ रूपए देने का काम किया है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कैमूर के विकास के लिए बहुत सारे काम किए हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने घर-घर में नल से जल पहुंचाया, बिजली पहुंचाई, शौचालय पहुंचाया और 60 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज मुफ़्त में देने का काम किया है। यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **इंडी गठबंधन केवल स्वार्थी लोगों का गठबंधन है। लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भी लालू प्रसाद यादव ने कभी श्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की बात नहीं की लेकिन बिहार के महान नेता और जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम इस देश के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। लालू प्रसाद यादव वर्ग विशेष को 100% आरक्षण देने की बात करते हैं और बंगाल, कर्नाटक व हैदराबाद में घमंडिया गठबंधन ने पिछड़ा समाज के आरक्षण को छीनकर वर्ग विशेष को देने का काम किया है, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तय किया है अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के आरक्षण को किसी को समाप्त नहीं करने देंगे।**

श्री शाह ने कहा कि बिहार की जनता के आशीर्वाद से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पास पिछले 10 वर्षों से पूर्ण बहुमत है और इन 10 वर्षों में पूर्ण बहुमत का प्रयोग आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित करने के लिए किया है। एक समय में आतंकवादी घटनाएं होती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके आतंकवादी

घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाने का काम किया है। **लालू यादव के साथी इंडी गठबंधन के घटक दल फिर से 'तेल पिलावन लठिया घुमावन' की राजनीति करना चाहते हैं लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विकासवाद की राजनीति करते हैं।** कई घोटालों में संलिप्त लालू यादव आज विकास की भाषा बिल्कुल भूल चुके हैं। काराकाट में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने औरंगाबाद, गुरारू और रफीगंज में ओवर ब्रिज बनवाकर राष्ट्रीय राजमार्ग को लंबा किया, वाराणसी-कलकत्ता कॉरीडोर में बिहार के क्षेत्र को सम्मिलित किया, थर्मल पावर प्रोजेक्ट का निर्माण हुआ, बारुण से झारखंड तक 25 किलोमीटर की सड़क का निर्माण किया, सासाराम शहर के चारों तरफ रिंग रोड का निर्माण हुआ और काराकाट में 1 लाख 54 हजार गरीबों को घर दिए, 6 लाख 20 हजार लोगों को 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क मुहैया करवाया, 5 लाख लोगों को गैस सिलेंडर दिए, 7 लाख 31 हजार लोगों को निशुल्क अनाज दिया और 8 लाख घरों में नल से जल पहुँचाने का काम भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। श्री शाह ने जनता से श्री उपेन्द्र कुशवाहा और श्री शिवेश राम को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**********************